# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

## पाठ्यक्रम एवं अध्यायवार अंको का विभाजन (2024-25)

**कक्षा- ग्यारहवीं** **विषय: हिन्दी (ऐच्छिक)** **कोड: 523**

### सामान्य निर्देश:

1. संपूर्ण पाठ्यक्रम के आधार पर एक वार्षिक परीक्षा होगी।
2. वार्षिक परीक्षा 80 अंकों की होगी और आंतरिक मूल्यांकन 20 अंकों का होगा।
3. आंतरिक मूल्यांकन के लिए:

निम्नानुसार आवधिक मूल्यांकन होगा:

क) 6 अंकों के लिए तीन SAT परीक्षा आयोजित की जाएगी जिनका अंतिम आंतरिक मूल्यांकन के लिए 06 अंकों का भारांक होगा।

ख) 2 अंकों के लिए एक अर्ध वार्षिक परीक्षा आयोजित की जाएगी जिसका अंतिम आंतरिक मूल्यांकन के लिए 02 अंकों का भारांक होगा।

ग) 2 अंकों के लिए विषय शिक्षक CRP (कक्षा कक्ष की भागीदारी) के लिए मूल्यांकन करेंगे और अधिकतम 02 अंक देंगे।

घ) 5 अंकों के लिए छात्रों द्वारा एक परियोजना कार्य किया जाएगा जिसका अंतिम आंतरिक मूल्यांकन के लिए 05 अंकों का भारांक होगा।

ङ) 5 अंकों के लिए विद्यार्थी की उपस्थिति के निम्नानुसार 05 अंक प्रदान किए जाएँगे :-

75% से 80% तक - 01 अंक

80% से अधिक से 85% तक - 02 अंक

85% से अधिक से 90% तक - 03 अंक

90% से अधिक से 95% तक - 04 अंक

95% से अधिक से 100% तक - 05 अंक

# पाठ्यक्रम संरचना (2024-25)

**कक्षा- ग्यारहवीं** **विषय: हिन्दी (ऐच्छिक)** **कोड: 523**

| पुस्तक का नाम | अध्याय | अंक |
|---|---|---|
| **रचनात्मक बोध** | • अपठित गद्यांश<br>• अपठित पद्यांश | 10 |
| **अंतरा भाग-1 (गद्य खंड)** | • प्रेमचंद – ईदगाह<br>• अमरकान्त – दोपहर का भोजन<br>• हरिशंकर परसाई – टोर्च बेचने वाले<br>• रांगेय राघव – गूँगे<br>• सुधा अरोड़ा – ज्योतिबा फुले<br>• ओमप्रकाश बाल्मीकि – खानाबदोश<br>• पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' - उसकी माँ<br>• भारतेन्दु हरिश्चन्द्र –भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है। | 20 |
| **अंतरा भाग-1 (काव्य खंड)** | • कबीर – अरे इन दोहुन राह न पाई,<br>बालम, आओ हमारे गेह रे<br>• सूरदास -खेलन मैं को काको गुसैयाँ,<br>-मुरली तऊ गुपालहिं भावति<br>• देव – हँसी की चोट, सपना, दरबार<br>• सुमित्रानंदन पंत – संध्या के बाद<br>• महादेवी वर्मा – जाग तुझको दूर जाना,<br>- सब आँखों के आँसू उजले<br>• नागार्जुन – बादल को घिरते देखा है<br>• श्रीकान्त वर्मा – हस्तक्षेप | 20 |

| | | |
|---|---|---|
| | • धूमिल – घर में वापसी | |
| **अंतराल भाग -1** | • मक़बूल फ़िदा हुसैन - हुसैन की कहानी अपनी ज़ुबानी<br>• आवारा मसीहा | 7 |
| **अभिव्यक्ति और माध्यम** | • जनसंचार के माध्यम<br>• पत्रकारिता के विविध आयाम<br>• डायरी लेखन की कला,<br>• कथा -पटकथा<br>• कार्यालयी लेखन और प्रक्रिया<br>• स्ववृत लेखन और रोज़गार संबंधी आवेदन पत्र<br>• कोश – एक परिचय | 15 |
| **आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा)** | • अभय<br>• स्वाध्याय<br>• अहिंसा<br>• अक्रोध<br>• क्षमा<br>• धृति<br>• वीर सावरकर<br>• विश्व बंधुत्व व मानवता<br>• छोटी-छोटी बातें<br>• डॉ एपीजे अब्दुल कलाम | 8 |
| **योग** | | **80** |
| **आंतरिक मूल्यांकन** | | **20** |
| **कुल योग** | | **100** |

**अंतरा भाग-1 (गद्य खंड):**

1. प्रेमचंद की **'ईदगाह'** कहानी बाल मनोविज्ञान पर आधारित कहानी है।हामिद का चरित्र हमें बताता है कि अभाव उम्र से पहले बच्चों में कैसे बड़ों जैसी समझदारी पैदा कर देता है।
2. **'दोपहर का भोजन'** कहानी अमरकान्त जी द्वारा रचित है। इसमें सामाजिक विडंबनाओं को सूक्ष्मता से दर्शाया गया है कि कैसे एक औरत माँ व पत्नी की भूमिका निभाते हुए अपने हिस्से का ख़ाना भी त्याग देती है। लेखक इसे अत्यंत सांकेतिकता के साथ व्यक्त करते हैं। यह कहानी बातों-बातों में समाज के एक निर्मम यथार्थ को प्रकट करती है।
3. **'टार्च बेचने वाले'** प्रसिद्ध लेखक हरिशंकर परसाई की व्यंग्य रचना है। उनका व्यंग्य लेखन कहानी के निकट है तथा उनकी कथात्मकता व्यंग्य को सहज संप्रेषणीय बना देती है।
4. **'गूँगे'** कहानी रांगेय राघव की है। प्रस्तुत कहानी में एक गूंगे-बहरे बालक के माध्यम से मानव संवेदना के टूटते हुए तंतुओं की ओर इशारा किया गया है।
5. **'ज्योतिबा फुले'** सुधा अरोड़ा द्वारा लिखित एक प्रेरक रचना है। महात्मा फुले जैसे व्यक्तियों की छाप भारतीय जनमानस पर बहुत गहरी पड़ी है। पुराणपंथी ब्राह्मण समाज ने फुले की उदार सामाजिक दृष्टि की अवहेलना ही नहीं की, बल्कि सामाजिक उत्थान के लिए किए गए उनके प्रयत्नों के रास्ते में रोड़े भी अटकाए। फुले और उनकी पत्नी ने स्त्री-शिक्षा तथा अछूतोद्धार का प्रण लिया था।
6. **'खानाबदोश'** कहानी ओमप्रकाश वाल्मीकि की है, जिसमें मज़दूरों के जीवन-संघर्ष को बताया गया है। शहरों के विस्तार से समस्त भारत में मज़दूरों का एक नया समाज बना है। छोटे नगरों, कस्बों और गाँवों से मज़दूर महानगरों की ओर पलायन करते हैं और अपने श्रम के बल पर दूसरों के रहने के लिए अट्टालिकाएँ खड़ी करते हैं, पर उनके जीवन में एक झोंपड़ी का सपना भी सपना ही रह जाता है।
7. **'उसकी माँ'** रचना पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' की आज़ादी की लड़ाई से संबंधित एक मार्मिक कहानी है।
8. **'भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है'** भारतेंदु जी का एक भाषण है, जो अनेक दृष्टियों से विशिष्ट है। इसकी भाषा प्रकृति बोलियों के प्रभाव से युक्त है। इस पाठ में तत्कालीन सामाजिक

स्थितियों और उनकी कमजोरियों पर बेबाक टिप्पणी की गई है तथा एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत का निर्माण किस तरह हो सकता है, इसकी ओर भी ध्यान आकृष्ट किया गया है।

**अंतरा भाग-1 (काव्य खंड) :०**

1. **कबीर** के जो दो पद यहाँ दिए गए हैं, उनमें से एक सामाजिक बुराइयों पर केंद्रित है और दूसरा स्त्री की समस्या पर कबीर की दृष्टि का परिचायक है।
2. **सूरदास** कृष्णभक्ति शाखा के प्रमुख कवि माने जाते हैं। अष्टछाप के कवियों में भी उनका प्रथम स्थान है। यहाँ सूर के दो पद दिए गए हैं। एक में कृष्ण की बाललीला का मनोहारी चित्रण है। दूसरे में राधाकृष्ण के प्रेम का श्रृंगारिक वर्णन है।
3. **देव** के तीन छंद इस पुस्तक में दिए गए हैं। दो में विरह श्रृंगार का वर्णन है, तीसरा छंद सामाजिक यथार्थ से जुड़ा हुआ है, जिसमें तत्कालीन सामंती समाज के भोग-विलास पर कवि देव ने चोट की है।
4. **'संध्या के बाद'** सुमित्रानंदन पंत की एक लंबी कविता है। यह कविता पंत के प्रसिद्ध काव्य-संग्रह 'ग्राम्या' में संकलित है। संध्या के बाद' कविता में पंत के दोनों रूप संयोजित दिखाई देते हैं।
5. **महादेवी** की दो कविताएँ हैं। 'जाग तुझको दूर जाना' एक सुंदर प्रयाण गीत है, जिसमें महादेवी ने मनुष्य से कोमल भावों को छोड़कर जीवन-संघर्ष को अपनाने का आह्वान किया है। 'सब आँखों के आँसू उजले' गीत में दुख और आँसू की परिणति उमंग और आशा के रूप हुई है।
6. **'बादल को घिरते देखा है'** कविता नागार्जुन जी की है। जनता के प्रतिनिधि – किसानों और मज़दूरों को कविता में स्थान दिया गया है।
7. **'हस्तक्षेप'** कविता श्रीकांत वर्मा की है। प्रस्तुत कविता में समय और समाज की विसंगतियों एवं विद्रूपताओं, क्षोभ, आक्रोश और अस्वीकार का स्वर मुखरित हुआ है।
8. **'घर में वापसी'** कविता के कवि धूमिल हैं।उनकी कविता में एक आक्रोश है जो व्यक्तिगत न होकर जन आक्रोश है, जिसमें उन्होंने आम बोलचाल की भाषा का प्रयोग किया है।

**अभिव्यक्ति और माध्यम :-**

1. **जनसंचार के माध्यम :** संचार की परिभाषा,संचार के तत्व, संचार के प्रकार, संचार के कार्य, जनसंचार की विशेषताएँ, जनसंचार के कार्य, भारत में जनसंचार माध्यमों का विकास, जनसंचार के प्रकार।
2. **पत्रकारिता के विविध आयाम :** पत्रकारिता क्या है? समाचार की परिभाषा, समाचार के तत्व, संपादन के सिद्धांत, पत्रकारिता के अन्य आयाम, पत्रकारिता के प्रमुख प्रकार, समाचार माध्यमों में मौजूदा रुझान।
3. **डायरी लिखने की कला :** क्या है डायरी ? इतिहास के आईने में डायरी, डायरी लेखन और हम, डायरी लेखन और स्मृतियाँ, कुछ विचार बिंदु।
4. **कथा -पटकथा :** पटकथा -स्रोत,स्वरूप और संरचना, नाटक व फ़िल्म की पटकथा में अंतर, पटकथा लेखन का प्रारूप, पटकथा और कंप्यूटर।
5. **कार्यालयी लेखन और प्रक्रिया :** औपचारिक पत्र, टिप्पण, मुख्य टिप्पण, आनुषंगिक टिप्पण, अनुस्मारक, अर्धसरकारी पत्र, स्वतः स्पष्ट टिप्पणी, कार्यसूची, कार्यवृत, प्रेस विज्ञप्ति, परिपत्र।
6. **स्ववृत्त लेखन और रोज़गार संबंधी आवेदन पत्र :** स्ववृत की विशेषताएँ, स्ववृत का रूप-आकार, स्ववृत की प्रस्तुति, विविध सूचनाओं का ब्योरा, स्ववृत और आवेदन -पत्र।
7. **कोश – एक परिचय :** शब्दकोश कैसे देखें ? विश्वकोश, साहित्य कोश।

# मासिक पाठ्यक्रम शिक्षण योजना (2024-25)

**कक्षा- ग्यारहवीं** **विषय: हिन्दी (ऐच्छिक)** **कोड: 523**

| मास | पुस्तक का नाम | विषय- वस्तु | शिक्षण कालांश | दोहराई कालांश |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल | अंतरा भाग -1 | प्रेमचंद – ईदगाह | 5 | |
| | | कबीर – अरे इन दोहुन राह न पाई, बालम, आओ हमारे गेह रे | 4 | |
| | अंतराल | मक़बूल फ़िदा हुसैन - हुसैन की कहानी अपनी ज़ुबानी | 4 | 5 |
| | आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | अभय | 1 | |
| मई | अंतरा भाग -1 | अमरकान्त – दोपहर का भोजन | 5 | |
| | | सूरदास -खेलन मैं को काको गुसैयाँ, -मुरली तऊ गुपालहिं भावति | 3 | |
| | अभिव्यक्ति और माध्यम | जनसंचार के माध्यम | 8 | 5 |
| | **आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा)** | स्वाध्याय | 1 | |
| जून | ग्रीष्मकालीन अवकाश (परियोजना कार्य) | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जुलाई | अंतरा भाग -1 | हरिशंकर परसाई – टोर्च बेचने वाले | 4 | |
| | | देव – हँसी की चोट, सपना, दरबार | 3 | |
| | अभिव्यक्ति और माध्यम | पत्रकारिता के विविध आयाम | 7 | |
| | आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | अहिंसा, अक्रोध | 2 | |
| अगस्त | अंतरा भाग -1 | रांगेय राघव – गूँगे | 4 | |
| | | सुमित्रानंदन पंत – संध्या के बाद | 5 | |
| | अभिव्यक्ति और माध्यम | डायरी लेखन की कला,<br>कथा -पटकथा | 2<br>5 | 4 |
| | आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | क्षमा, धृति | 2 | |
| सितंबर | अंतरा भाग -1 | सुधा अरोड़ा – ज्योतिबा फुले | 4 | |
| | आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | महादेवी वर्मा – जाग तुझको दूर जाना,<br>- सब आँखों के आँसू उजले | 4 | |
| | | वीर सावरकर | 2 | |
| | | अर्ध-वार्षिक परीक्षा के लिए पुनरावृत्ति<br>अर्ध-वार्षिक परीक्षा | 8 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अक्तूबर | अंतरा भाग -1 | ओमप्रकाश बाल्मीकि – खानाबदोश | 5 | |
| | | नागार्जुन – बादल को घिरते देखा है | 4 | |
| | अभिव्यक्ति और माध्यम | कार्यालयी लेखन और प्रक्रिया | 5 | 5 |
| | आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | विश्व बंधुत्व व मानवता | 2 | |
| नवंबर | अंतरा भाग -1 | पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' - उसकी माँ | 5 | |
| | | श्रीकान्त वर्मा – हस्तक्षेप | 3 | |
| | आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | छोटी-छोटी बातें | 2 | |
| दिसंबर | अंतरा भाग -1 | धूमिल – घर में वापसी | 3 | |
| | अंतराल भाग -1 | आवारा मसीहा | 8 | |
| | अभिव्यक्ति और माध्यम | स्ववृत लेखन और रोज़गार संबंधी आवेदन पत्र | 6 | 4 |
| | आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | डॉ॰ए॰पी॰जे॰अब्दुल कलाम | 1 | |
| जनवरी | अंतरा भाग -1 | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र – भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है | 4 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अभिव्यक्ति और माध्यम<br><br>आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | कोश – एक परिचय<br><br>परीक्षा के लिए पुनरावृत्ति | 4 | <br><br>2 |
| फ़रवरी | अंतरा भाग 1<br><br>अंतराल भाग 1<br><br>अभिव्यक्ति और माध्यम<br><br>आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा) | परीक्षा के लिए पुनरावृत्ति | | 20 |
| मार्च | | वार्षिक परीक्षा | | |

**नोट: विषय शिक्षकों को सलाह दी जाती है कि वे छात्रों को शब्दावली या अवधारणा की स्पष्टता को बढ़ाने के लिए अध्यायों में उपयोग की जाने वाली शब्दावली / परिभाषात्मक शब्दों की नोटबुक तैयार करने के लिए निर्देशित करें।**

**निर्धारित पुस्तकें:**

1. अंतरा भाग-1 (BSEH प्रकाशन © NCERT)
2. अंतराल भाग -1 पूरक पुस्तक (BSEH प्रकाशन © NCERT)
3. अभिव्यक्ति और माध्यम (BSEH प्रकाशन)
4. आदर्श जीवन मूल्य उत्तरा (BSEH प्रकाशन)

# प्रश्न पत्र प्रारूप (2024-25)

**कक्षा- ग्यारहवीं** **विषय: हिन्दी (ऐच्छिक)** **कोड: 523**

| अध्याय | अंक | प्रश्न संख्या | विवरण | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| रचनात्मक बोध | 5<br>5 | 5<br>5 | अपठित गद्यांश (1x5=5)<br>अपठित पद्यांश (1x5=5) | 10 |
| अंतरा भाग-1 (गद्य खंड) | 1<br>1<br>3,2 | 5<br>5<br>4 | बहुविकल्पीय प्रश्न (1x5=5)<br>गद्यांश पर आधारित प्रश्न (1x5=5)<br>पाठ पर आधारित प्रश्न<br>(3+3+2+2=10) | 20 |
| अंतरा भाग-1 (गद्य खंड) | 1<br>6<br>3,2 | 5<br>1<br>4 | बहुविकल्पीय प्रश्न (1x5=5)<br>सप्रसंग व्याख्या (दो में कोई एक) (5x1=5)<br>कविताओं पर आधारित प्रश्न<br>(3+3+2+2=10) | 20 |
| अंतराल भाग-1 | 2 | 3 | पाठों पर आधारित प्रश्न (2+2+3=7) | 7 |
| अभिव्यक्ति और माध्यम | 1<br>2,3<br>5 | 5<br>2<br>1 | अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न (1x5=5)<br>लघुत्तरात्मक (2+3=5)<br>दीर्घउत्तरात्मक (दो में से कोई एक) (5x1=5) | 15 |
| आदर्श जीवन मूल्य उत्तरा | 2 | 4 | लघुत्तरात्मक प्रश्न (2x4=8) | 8 |
| **कुल** | | | | **80** |